शेयर मंथन

एसपीईएमएल इंफ्रा (SPML Infra) को 720 करोड़ रुपये के ठेके

News - कंपनियों की सुर्खियाँ

Tuesday, 18 September 2012 12:41

एसपीईएमएल इंफ्रा लिमिटेड (SPML Infra Ltd) को दिल्ली जल बोर्ड (Delhi Jal Board) से दो ठेके मिले हैं।

ये ठेके 720 करोड़ रुपये के हैं। कंपनी को 519.07 करोड़ रुपये का पहला ठेका मालवीय नगर यूजीआर क्षेत्र में जल वितरण नेटवर्क में सुधार, उसके संचालन और देखरेख के लिए दिया गया है।

200.80 करोड़ रुपये का दूसरा ठेका महरौली प्रोजेक्ट क्षेत्र और वसंत विहार में जल आपूर्ति में सुधार, संचालन और देखरेख के लिए दिया गया है। इनकी ठेकों की समय अवधि 8 से 10 वर्ष की है।

बीएसई में कंपनी के शेयर भाव में मजबूती का रुख है। इस खबर के बाद बीएसई में कंपनी का शेयर भाव 65.65 रुपये तक ऊपर चला गया। हालाँकि अभी इसकी तेजी में कमी आयी है और यह दोपहर 12:36 बजे 6.39% की बढ़त के साथ यह 61.60 रुपये पर है। (शेयर मंथन, 18 सितंबर 2012)